दैनिक भास्कर

हाथ धुलाई को लेकर तारसगांव और शाहवाड़ा में हुए जागरूकता कार्यक्रम

कांकेर। कार्यक्रम के दौरान हाथ धुलाई के बताए गए फायदे।

कांकेर | शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय द्वारा 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कोविड.19 के प्रसार को नियंत्रित करने के साबुन से हाथ धुलाई, मास्क पहनने एवं फिजिकल डिस्टेंस के प्रवासी उपाय को लेकर चर्चा की गई। इसे जन आंदोलन बनाने ग्राम तारसगांव एवं शाहवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की ग्रुप लीडर छात्राएं कीर्तिका साहू, ओम्बिका रामटेके व येमलता पटेल के नेतृत्व में एनएसएस तारसमांव व समर्थन के साथ मिलकर हैंड हाइजीन फॉर आल की थीम पर हाथ धुलाई के प्रभावी तरीकों को डेमो दिखाकर जरूरतमंदों को साबुन, मास्क एवं सैनिटाइजर का वितरण कर स्वच्छता का महत्व, जल संरक्षण, अच्छा पोषण, हाथ धोने के फायदे व सरकारी नियमों का पालन करने की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने कहा स्वच्छता, स्वास्थ्य और विकास एक दूसरे के पर्याय है। कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया इस दिवस के माध्यम से पूरी दुनिया में हाथ धुलाई के प्रति लोगों में जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। कार्यक्रम में सरपंच गिरवर सिंह शोरी, उपसरपंच जयंतलाल मंडावी, राजेंद्र शोरी, दशरथ सिन्हा, कांति साहू आदि उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

पत्रिका कांकेर

पत्रिका | 10
patrika.com
कांकेर, शुक्रवार, 28 अगस्त, 2020

इन दिनों जरूरी है... सोशल डिस्टेंसिंग

एनएसएस यूथ ने कोरर में मास्क का किया वितरण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कांकेर. राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर के एनएसएस वालंटियर प्रतिमा ओरिया बीएससी प्रथम वर्ष के नेतृत्व में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के बीच युवाओं की टोली बनाकर लोगों को निःशुल्क मास्क वितरण कर जागरूक किया।

कोरर पंचायत के वार्ड क्रमांक 17, 18 शीतला पारा के रहने वाले युवाओं की टोली स्वप्रेरित पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को शारीरिक दूरी का पालन करने, मास्क, सैनिटाइजर का प्रयोग करने, साबुन से हाथ धोने की जानकारी दी। इस दौरान मनीष बीएससी द्वितीय वर्ष, लीना रजक एमए, विनीता कोरेटी बीएससी नर्सिंग, विरंजना बीए प्रथम वर्ष, गजेंद्र बीएससी प्रथम वर्ष, सविता बीए प्रथम वर्ष के साथ ही स्कूली छात्रों में कक्षा 12वीं से मोहिनी, वीरांगना, रमन, सावित्री, 11वीं से सुमती, 10वीं से लुकेश्वरी एवं 9वीं से लीवेंद्र और धर्मेंद्र टीम में शामिल थे। इन दौरान 430 मास्क का वितरण किया गया। कन्या कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने टीम का उत्साहवर्धन किया। इकोग्रीन क्लब प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बच्चों के इस पहल को स्वागत योग्य बताया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रो. अजय कुमार ने बताया कि यूथ टीम ने गरीब व असहाय लोगों के बीच मास्क का वितरण कर कोरोना वायरस से बचाव की जानकारी दी। स्वच्छता और सतर्कता के साथ बिना घबराएं इसका मुकाबला करें। युवाओं की इस पहल पर कार्यक्रम समन्वयक बस्तर विश्विद्यालय डॉ. डीएल पटेल, जिला संगठक डॉ. आएशा कुरैशी, कॉलेज के सीनियर एनएसएस कैडेट्स, एनएसएस परिवार आदि लोगों ने सराहना की।

Scanned with CamScanner